# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–5429/26 दिनांक 17.07.26

**अति आवश्यक / समयबद्ध**

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य,**
समस्त नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान, (शासकीय व निजी क्षेत्र)
उत्तर प्रदेश।

**विषय–सितम्बर / अक्टूबर–2026 में सम्पन्न होने वाली जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 की मुख्य / पूरक की प्रयोगात्मक एवं लिखित परीक्षाएं सी0सी0टी0वी0 कैमरों की निगरानी में सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 की मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु **उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा वाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। संबंधित संस्थान नियुक्त वाह्य परीक्षक से समन्वय स्थापित कर नियत तिथि पर प्रयोगात्मक परीक्षा कराना सुनिश्चित करेंगे।**

मौखिक / प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक **03.10.2026** से **09.10.2026** तक **सी0सी0टी0वी0 कैमरों की निगरानी** में सम्पन्न करायी जायेंगी। प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराकर परीक्षा के दिन ही मार्क्स अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ ही प्रयोगात्मक एवं लिखित परीक्षा के टर्म मार्क्स भी दिनांक **03.10.2026** से **09.10.2026** तक अपलोड करना सुनिश्चित करें।

आपको यह भी अवगत कराना है कि आपके प्रशिक्षण संस्थान में माह सितम्बर / अक्टूबर–2026 की परीक्षा समय में सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कनेक्टिविटी लाइव स्क्रीनिंग को सुचारू रूप से जारी रखने की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा सम्पन्न कराने में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो।

यदि आपके प्रशिक्षण संस्थान की प्रयोगात्मक एवं लिखित परीक्षाओं के समय सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कनेक्टिविटी लाइव स्क्रीनिंग प्रदर्शित नहीं पायी गयी तो आपके सेंटर की परीक्षाएं संदिग्ध मानी जायेंगी। जिसके परिणाम स्वरूप आपके प्रशिक्षण संस्थान के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

परीक्षा सम्बन्धी अन्य कोई सूचना समय–समय पर इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.upsmfac.org पर जारी की जायेगी। कृपया वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।